# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 3 भरत (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास-प्रश्न**

**प्रश्न 1.**
भरत कौन थे? पिता की मृत्यु के समय वे कहाँ थे?
**उत्तर :**
भरत राजा दशरथ के पुत्र थे। पिता की मृत्यु के समय वे ननिहाल में थे।

**प्रश्न 2.**
भरत ने अयोध्या के राज्य को क्यों ठुकरा दिया?
**उत्तर :**
इसलिए ठुकरा दिया क्योंकि नैतिक दृष्टि से रामचन्द्र जी राजद्दी के हकदार थे।

**प्रश्न 3.**
भरत ने राज्य को किस शर्त पर स्वीकार किया?
**उत्तर :**
भरत ने राज्य को इस शर्त पर स्वीकार किया कि प्रतिनिधि के रूप में आप के नाम पर राज्य करूंगा तथा सिंहासन पर आपकी खडाऊँ बैठेगी। राज्य आपका ही रहेगा।

**प्रश्न 4.**
भरत की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए?
**उत्तर :**
भरत के चारित्रिक विशेषताओं में उनका मातृ-प्रेम, कर्तव्य-निष्ठा, प्रजा-प्रेम तथा त्याग मुख्य हैं। भरत ने जिस प्रकार वन में जाकर राम से विनती की, सारा दोष अपने ऊपर ले लिया, जिस ढंग से क्षमा याचना की वह ऐसा उदाहरण है जिसकी तुलना का दूसरा उदाहरण संसार के इतिहास में ‘ कहीं नहीं मिलता।

https://www.evidyarthi.in/